Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding setting up of new medical institutes in the country - Laid.

हो। इस दिशा में कार्रवाई हो।।

***श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी):** पूरी दुनिया के विकासशील व अविकसित देश के सामने स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना एक चुनौती है। सतत् विकास के तय लक्ष्यों में यह एक प्रमुख कार्य है। वर्तमान सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की लोगों तक पहुंच बढ़ी है, बल्कि सरकार ने गुणवत्ता, नये संसाधनों के निर्माण के साथ खर्च होने वाले बजट को भी बढ़ाया है।

आयुष्मान भारत में नये मेडिकल कॉलेज व एम्स आदि के निर्माण के बावजूद बड़ी व लगातार बढ़ती जनसंख्या तथा खराब जीवन शैली तथा लगातार बढ़ती स्वास्थ्य जरूरतों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बड़ा दबाव है। इस दबाव का एक बड़ा कारण चिकित्सकों, सहायक मेडिकल स्टॉफ व प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है।

सतत् विकास के तय लक्ष्य के मुताबिक सभी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को जनता तक पहुंचाने हेतु मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि ऐसे प्रशिक्षित कर्मियों हेतु सरकारी व निजी स्तर पर नये संस्थानों को शुरू करने व प्रोत्साहित करने हेतु कोई व्यवहारिक योजना बनाये व ऐसे प्रशिक्षित कर्मियों को देश में ही सेवायें देने हेतु उचित योजनायें बनाये जाने का प्रयास किया जाये ।